RNI Regd. No. 7756/59

स्वतंत्र सोच, निष्पक्ष अभिव्यक्ति

# दण्डकारण्य समाचार

68 वां वर्ष

जगदलपुर व रायपुर से एक साथ प्रकाशित

■ जगदलपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026 ■ वर्ष 68 ■ अंक 35 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य 2.00 ■ संस्थापक - स्व. श्री तुषार कांति बोस

## पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति के बीच द्विपक्षीय वार्ता

# बैठक में 20 मुद्दों पर बनी सहमति



नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मुंबई के लोकभवन में द्विपक्षीय वार्ता की। बैठक में 20 मुद्दों पर बनी सहमति।

दोनों नेताओं ने भारत और फ्रांस के बीच रक्षा, सुरक्षा, व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान सहित प्रमुख क्षेत्रों में रणनीतिक सहयोग पर चर्चा की। संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने अपने संबंधों को विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में निर्मित हेलीकॉप्टरों के महत्व पर भी जोर दिया, जिन्हें जल्द ही दुनिया भर में निर्यात किया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष की शुरुआत के साथ, दोनों देश अपनी रणनीतिक साझेदारी को जन-साझेदारी में बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस महत्वपूर्ण खनिजों, जैव-प्रौद्योगिकी और उन्नत सामग्री के क्षेत्र में अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस दोनों लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन और बहुध्रुवीय विश्व में विश्वास रखते हैं और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में उनके समान मूल्य हैं। संयुक्त प्रेस वार्ता में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भारत-फ्रांस संबंधों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों में कई पहलों पर हस्ताक्षर हुए जिससे भारत और फ्रांस के संबंधों को नई गति मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कर्नाटक के कोलार जिले के वेमागल स्थित टाटा और एयरबस के लाइन हेलीकॉप्टर फाइनल एसेंबली लाइन सुविधा का वर्चुअली उद्घाटन किया। ये सुविधा टाटा एडवांस्ड सिस्टम लिमिटेड और एयरबस का संयुक्त उद्यम है जो कि भारत की रक्षा विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है।

## किसान, महिला और जनजातीय समाज के सशक्तिकरण से बनेगा समृद्ध छग : साय

◆ जिलेवासियों को 156 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात



रायपुर, 17 फरवरी (एजेंसी)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बैकुंठपुर में तीन दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन कोरिया महोत्सव का शुभारंभ करते हुए कोरिया जिलेवासियों को 156 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की ऐतिहासिक सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने 70 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 104 कार्यों का लोकार्पण तथा 85 करोड़ 54 लाख रुपये से अधिक के 40 कार्यों का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विकास कार्य केवल निर्माण परियोजनाएँ नहीं, बल्कि कोरिया जिले की समृद्धि, आत्मनिर्भरता और उज्ज्वल भविष्य के मजबूत आधार स्तंभ हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ को संपन्न और समृद्ध प्रदेश के रूप में विकसित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कृषि प्रधान राज्य है और किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकार लगातार ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। राज्य सरकार ने अपने अधिकांश वादों को अल्प समय में पूरा कर दिखाया है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रदेश की जनता से किए गए विकास संबंधी वादों को भी दो वर्षों के भीतर धरातल पर उतारा गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में सभी शेष संकल्प भी पूर्ण किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई थी और अब उनके निर्माण कार्य तेजी से जारी हैं। उन्होंने बस्तर क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्षों तक नक्सलवाद से प्रभावित रहने के कारण यह क्षेत्र विकास से वंचित रहा, लेकिन डबल इंजन सरकार के प्रयासों से नक्सल उन्मूलन में अभूतपूर्व सफलता मिली है। आज बस्तर के गांव-गांव में सड़क, अस्पताल और स्कूल खुल रहे हैं तथा उजड़े हुए गांव पुनः आबाद हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि बस्तर में नियद नेल्ला नार योजना प्रारंभ की गई है, जिससे विकास कार्यों को गति मिली है। मुख्यमंत्री श्री साय ने किसानों के हित में लिए गए निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी और 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। हाल ही में खरीदे गए धान की अंतर राशि होली से पहले किसानों के खातों में स्थानांतरित कर दी जाएगी, जिसके अंतर्गत लगभग 10 हजार करोड़ रुपये किसानों को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये प्रदान किए जा रहे हैं और अब तक लगभग 15 हजार करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं।

## साइबर अपराधियों के तरीकों के बारे में लोगों को जागरूक करें-सुको

नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार को ऐसे लोगों को जागरूक करना चाहिए, मुआवजा देना चाहिए और उनकी सुरक्षा के लिए प्रयास करना चाहिए, जिन्होंने साइबर धोखाधड़ी में अपनी मेहनत की कमाई गंवा दी है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की जब उन्होंने म्यूल बैंक खातों का निर्माण कर उन्हें साइबर अपराधियों को बेचने के एक आरोपित परमजीत खरब को जमानत दे दी। म्यूल बैंक अकाउंट एक ऐसा अकाउंट होता है जिसका इस्तेमाल साइबर ठग हड़पी गई रकम को ट्रांसफर कराने के लिए करते हैं। जस्टिस नागरत्ना ने अतिरिक्त सालिसिटर जनरल (एएसजी) एसडी संजय से कहा कि सरकार और पुलिस को कमजोर पीड़ितों विशेषकर बुजुर्गों की सुरक्षा और मुआवजे के लिए कदम उठाने चाहिए।

## भारतीय नौसेना के पहले स्वदेशी कैडेट प्रशिक्षण जहाज कृष्णा का जलावतरण

चेन्नई, 17 फरवरी (एजेंसी)। भारतीय नौसेना के लिए मेसर्स एल एंड टी शिपयार्ड द्वारा बनाए जा रहे तीन स्वदेशी कैडेट प्रशिक्षण जहाजों में से पहले जहाज का आज चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान की उपस्थिति में चेन्नई के कट्टुपल्ली स्थित एल एंड टी शिपयार्ड में जलावतरण किया गया। समुद्री परंपराओं के अनुरूप, जहाज का शुभारंभ डीडब्ल्यूडब्ल्यूए की अध्यक्ष अनुपमा ने किया। देश की तीसरी सबसे लंबी नदी कृष्णा नदी के सम्मान में इस पोत का नाम कृष्णा रखा गया है।

## 6 अदालतों को बम से उड़ाने मिली धमकी

जालंधर,17 फरवरी (एजेंसी)। गुजरात में स्कूलों को बम से उड़ाने की झूठी धमकी मिलने के ठीक एक दिन बाद, मंगलवार को राज्य की छह अलग-अलग जिला अदालतों को भी ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इस सनसनीखेज खबर के फैलते ही पूरे प्रशासन और न्यायिक महकमे में भारी हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें तुरंत हरकत में आईं और एहतियात के तौर पर आनन-फानन में कोर्ट परिसरों को खाली कराया गया। हालांकि, बम निरोधक दस्ते द्वारा घंटों तक चलाए गए सघन तलाशी अभियान के बाद कहीं से भी कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई, जिसके बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली और इसे महज एक अफवाह करार दिया। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, ये धमकी भरे ईमेल अहमदाबाद, वडोदरा, वलसाड, राजकोट, गांधीनगर और मेहसाणा की अदालतों को भेजे गए थे।

## सोने की खदान के नाम पर 1.90 करोड़ की ठगी, आरोपी मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार

रायपुर, 17 फरवरी (एजेंसी)। तंजानिया में सोने की खदान में निवेश के नाम पर करीब 1 करोड़ 90 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी विदेश भागने की फिराक में था, जिसे लुक आउट सर्कुलर के आधार पर मुंबई एयरपोर्ट से पकड़ा गया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी यश राजेश शाह (28 वर्ष), निवासी घाटकोपर पूर्व मुंबई, ने प्रार्थी समर्थ बरडिया और उसके साथी को तंजानिया में सोने की खदान होने का झांसा दिया था। आरोपी ने खुद को खदान का मालिक बताते हुए पार्टनरशिप में निवेश कराने के नाम पर फर्जी अनुबंध तैयार किया और उनसे बड़ी रकम वसूल ली।

जांच में सामने आया कि आरोपी के पास तंजानिया में किसी भी प्रकार का खनन अधिकार नहीं था और न ही वह किसी खदान का वास्तविक संचालक था। उसने सुनियोजित तरीके से झूठे दस्तावेज तैयार कर निवेश के नाम पर ठगी की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी किया था। इसी दौरान सूचना मिली कि आरोपी वियतनाम भागने के लिए मुंबई एयरपोर्ट पहुंचा है।

# छत्तीसगढ़ को मिलेगी विश्वस्तरीय रेल कनेक्टिविटी

◆ छत्तीसगढ़ के साथ रेल सुविधाओं में अन्याय स्वीकार नहीं- अग्रवाल



रायपुर, 17 फरवरी (एजेंसी)। वरिष्ठ भाजपा नेता और रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को रायपुर डीआरएम कार्यालय में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के उच्च अधिकारियों और साथी सांसदों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में श्री अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ रेलवे को सर्वाधिक राजस्व देने वाले राज्यों में से एक है, अतः यहाँ के नागरिकों को आधुनिक और समयबद्ध रेल सुविधाएं मिलना उनका अधिकार है। वंदे भारत एक्सप्रेस और नई ट्रेनों का प्रस्ताव सांसद श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के यात्रियों की सुविधा के लिए तीन नई वंदे भारत ट्रेनों समेत कई प्रमुख रेल सेवाओं की मांग रखी जिसमें रायपुर- नई दिल्ली वंदे भारत (स्लीपर): छत्तीसगढ़ से राजधानी दिल्ली के लिए स्लीपर कोच वाली वंदे भारत चलाने का प्रस्ताव बोर्ड को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए वे स्वयं रेल मंत्री से चर्चा करेंगे। बस्तर अंचल की उपेक्षा पर नाराजगी जताते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि रेलवे केवल लाभ का जरिया नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम है। उन्होंने जगदलपुर-दुर्ग रेल लाइन को पुनः शुरू करने और बस्तर में भूमि देने वाले प्रभावितों को नौकरी या रोजगार देने के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। बिलासपुर-रायपुर-पुरी वंदे भारतः धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से इस मार्ग पर वंदे भारत की आवश्यकता जताई। जनता की मांग को देखते हुए अग्रवाल ने निम्नलिखित ट्रेनों के विस्तार और समय परिवर्तन पर जोर दिया जिसमें समता एक्सप्रेस का हरिद्वार तक विस्तार और जम्मूतवी एक्सप्रेस को अमृतसर होकर चलाने का सुझाव दिया। मुंबई-नागपुर और नागपुर-पुणे ट्रेनों का बिलासपुर तक विस्तार करने की मांग।

# राहुल गांधी को हाई कोर्ट से बड़ी राहत, मानहानि केस हुआ रद्द



बेंगलुरु,17 फरवरी (एजेंसी)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को कर्नाटक हाई कोर्ट से एक बड़ी कानूनी राहत मिली है। अदालत ने विधानसभा चुनावों के दौरान कथित मानहानि से जुड़े एक चुनावी कंटेंट को लेकर उनके खिलाफ दर्ज की गई निजी शिकायत को पूरी तरह से रद्द कर दिया है। यह अहम आदेश जस्टिस सुनील दत्त यादव की अध्यक्षता वाली सिंगल बेंच ने सुनाया है। यह पूरा मामला तत्कालीन बीजेपी सरकार पर निशाना साधने वाले एक 'करप्शन रेट कार्ड' विज्ञापन से जुड़ा था, जिसे राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया था। यह पूरा सियासी और कानूनी विवाद कर्नाटक विधानसभा चुनाव के समय शुरू हुआ था। उस दौरान कांग्रेस पार्टी ने राज्य की तत्कालीन बीजेपी सरकार के खिलाफ एक बेहद आक्रामक विज्ञापन अभियान चलाया था। इस अभियान के तहत 'करप्शन रेट कार्ड' जारी किया गया था, जिसके जरिए सरकार पर कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए थे। जब राहुल गांधी ने इस कंटेंट को सोशल मीडिया पर प्रचारित किया, तो इसे आधार बनाते हुए उनके खिलाफ मानहानि की कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई। इस विज्ञापन के सामने आने के बाद बीजेपी समर्थक केशव प्रसाद ने राहुल गांधी के खिलाफ एक निजी शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत पर संज्ञान लेते हुए निचली अदालत ने राहुल गांधी को पेश होने के लिए समन जारी कर दिए थे। इसके बाद कांग्रेस नेता ने इन समन के खिलाफ कर्नाटक हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान उनके वकीलों ने मजबूती से तर्क दिया कि यह विज्ञापन केवल एक राजनीतिक चुनाव प्रचार अभियान का हिस्सा था और इसमें व्यक्तिगत मानहानि का कोई पुख्ता मामला नहीं बनता है।

## सीएम ने परीक्षा दे रहे विद्यार्थियों को दिया आत्मविश्वास और सफलता का संदेश

रायपुर 17 फरवरी(एजेंसी)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा ऑल द बेस्ट, प्यारे बच्चों। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के छात्र-छात्राओं को परीक्षाओं के अवसर पर शुभकामनाएँ देते हुए उन्हें आत्मविश्वास और हौसले के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों के नाम अपने आत्मीय संदेश में कहा कि परीक्षाओं का समय जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होता है, जिसमें उत्साह के साथ थोड़ा तनाव भी स्वाभाविक है, लेकिन घबराने की आवश्यकता नहीं है।

मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि परीक्षाओं का समय आ गया है। मैं जानता हूँ कि इन दिनों आपके मन में उत्साह भी है और थोड़ा सा तनाव भी। लेकिन सबसे पहले यह जान लीजिए – आप अकेले नहीं हैं, हम सब आपके साथ हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं का समय कभी-कभी मन में घबराहट भी लेकर आता है। यह स्वाभाविक है। यदि आपको डर लग रहा है तो इसका अर्थ है कि आप अपनी पढ़ाई और अपने भविष्य को गंभीरता से लेते हैं।

उन्होंने कहा कि सबसे पहले यह समझ लीजिए – डर कमजोरी नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का संकेत है। लेकिन इस डर को अपने आत्मविश्वास पर हावी न होने दें। आपने पूरे वर्ष मेहनत की है। हर दिन का प्रयास, हर अभ्यास, हर दोहराव – सब आपकी ताकत बनकर आपके साथ खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी नियमित पढ़ाई करें, कठिन विषयों को दोहराएँ, समय का संतुलन बनाए रखें। पर्याप्त नींद लें, पौष्टिक भोजन करें और कुछ समय के लिए मोबाइल से दूरी बनाकर अपने लक्ष्य पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करें।

## आज का इतिहास

749 ईस्वी - स्मोक शेल के नाम से जाने जाने वाले कक यिप्याज चान कविल माया नगर कोपान के सिंहासन पर आसीन हुए।

1219 - पवित्र रोमन सम्राट फेडरिक द्वितीय और मिस्र के शासक अल-कामिल के बीच हुई शांति संधि के तहत ईसाई क्रूसेडर साम्राज्य ने यरूशलेम पर पुनः अधिकार कर लिया।

1268 - लिवोनियन ब्रदर्स ऑफ द स्वॉर्ड ने आधुनिक एस्टोनिया के राकवेरे के पास पेरेस्लाव्ल के दिमित्री के नेतृत्व में नोवगोरोड और प्सकोव की सेनाओं से युद्ध किया; दोनों पक्षों ने जीत का दावा किया।

1332 - इथियोपिया के सम्राट अम्दा सेयोन प्रथम ने दक्षिणी मुस्लिम प्रांतों में अपने अभियान शुरू किए।

1358 - हंगरी और क्रोएशिया के राजा लुई प्रथम के साथ शत्रुता समाप्त करने के बदले में वेनिस गणराज्य ने डालमेटिया पर अपना प्रभाव खो दिया।

## बहुत खूब




## ट्रेन में मौत का साया, 120 किमी रफ्तार पर हुआ हादसा जिसने कंपनी को 10 करोड़ का दिया झटका



नई दिल्ली, 17 फरवरी (एजेंसी)। ट्रेन में ट्रैवल करते समय हम अकसर बच्चों को कहते हैं अपना सिर खिड़की से बाहर मत निकालो। हम ऐसा इसलिए बोलते हैं क्योंकि हमें किसी अनहोनी होने का डर रहता है। ऐसी ही एक हैरान करने वाली घटना इंग्लैंड के बाथ शहर के पास हुई है। साल 2018 में हुआ एक दर्दनाक हादसा अब फिर चर्चा में है। एक महिला की मौत के बाद ब्रिटेन की प्रमुख रेल कंपनी ग्रेट वेस्टर्न रेलवे पर 1 मिलियन पाउंड (करीब 10 करोड़) का जुर्माना लगाया गया है।

28 वर्षीय बेथन रोपर नाम की महिला अपने दोस्तों के साथ क्रिसमस शॉपिंग से लौट रही थीं, जब उन्होंने ट्रेन की खिड़की से सिर बाहर निकाला और 75 मील प्रति घंटे (लगभग 120 किमी/घं) की रफ्तार से चल रही ट्रेन पर उनका सिर एक पेड़ की डाल से टकरा गया। यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। यह हादसा लंदन पैडिंगटन से एक्सेटर जा रही ट्रेन में हुआ, जिसमें पुराने ड्रॉपलाइट विंडो वाले डिब्बे लगे थे। ये वही खिड़कियां हैं जिन्हें बाहर से हैंडल खींचकर प्लेटफॉर्म पर उतरने के लिए खोला जाता था। रेल सुरक्षा जांच में सामने आया कि ऐसी खिड़कियां पहले भी कई हादसों का कारण बन चुकी थीं, लेकिन कंपनी ने समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया। 2016 में लंदन के दक्षिणी इलाके बालहम में भी इसी तरह एक यात्री की मौत हुई थी। उसके बाद रेल सुरक्षा एजेंसी ने मई 2017 में चेतावनी जारी की थी कि ड्रॉपलाइट खिड़कियों से बड़ा खतरा है और इन पर रोक लगाई जाए। इसके बावजूद जीडब्ल्यूआर ने इस खतरे को गंभीरता से नहीं लिया।

## बांग्लादेश में बीएनपी प्रमुख तारिक रहमान ने प्रधानमंत्री पद की ली शपथ



ढाता, 17 फरवरी (एजेंसी)। बीएनपी प्रमुख तारिक रहमान ने आज बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली। उनके साथ 49 अन्य सांसदों को मंत्री बनाया गया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी-बीएनपी ने हाल ही में आम चुनावों में भारी जीत हासिल की। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने 60 वर्ष के रहमान एवं अन्य मंत्रियों को बंगभवन के बजाय जातीय संसद के साउथ प्लाजा में पद की शपथ दिलाई, जो लंबे समय से चली आ रही परंपरा से हटकर है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ कई अन्य विदेशी नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इससे पहले दिन में, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के सांसदों ने श्री रहमान को संसदीय दल का नेता चुना। बीएनपी को 13वें संसदीय चुनावों में 297 सीटों में से 209 सीटें मिली हैं, जबकि दक्षिण पंथी जमात-ए-इस्लामी को 68 सीटें मिली हैं। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया था।

## दया बनाम मानवता जैसे फर्जी केस देख भड़के जज

# सुप्रीम कोर्ट में वकीलों के एआई इस्तेमाल पर बवाल



नई दिल्ली , 17 फरवरी (एजेंसी)। भारत के सुप्रीम कोर्ट ने अदालती कामकाज और याचिकाएं तैयार करने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते और लापरवाह इस्तेमाल पर गहरी चिंता व्यक्त की है। हाल के दिनों में अदालत के सामने ऐसे कई चौंकाने वाले मामले आए हैं, जिनमें वकीलों ने एआई टूल की मदद से याचिकाएं तैयार कीं और उसमें ऐसे फैसलों और उद्धरणों का हवाला दे दिया, जिनका असल में कोई वजूद ही नहीं है। इस तरह की फर्जी और भ्रामक जानकारी पेश किए जाने पर शीर्ष अदालत ने सख्त ऐतराज जताया है।

यह गंभीर टिप्पणी चीफ जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने हिमंता बिस्वा मामले की सुनवाई के दौरान की। सीजेआई ने इस बात पर जोर दिया कि कुछ वकील बिना किसी तथ्य की जांच या क्रॉस-वेरिफिकेशन किए आंख मूंदकर एआई टूल्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसकी वजह से अदालत में गलत और भ्रामक जानकारी पेश की जा रही है, जो न्याय प्रक्रिया के लिए एक बड़ा खतरा साबित हो सकती है। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति नागरत्ना ने एक ऐसा उदाहरण दिया जिसने सभी को हैरान कर दिया। उन्होंने बताया कि अदालत के समक्ष 'दया बनाम मानवता' नाम से एक ऐसे फैसले का हवाला दिया गया, जो पूरी तरह से काल्पनिक था और कानूनी इतिहास में इसका कोई अस्तित्व ही नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि कई बार वकील वास्तविक मामलों का हवाला तो देते हैं, लेकिन उनके जो अंश या पैराग्राफ अदालत में पेश किए जाते हैं, वे मूल फैसले में कहीं लिखे ही नहीं होते हैं।

लॉग ऑन करें : दण्डकारण्य समाचार इंटरनेट संस्करण http://www.dandakaranyasamachar.com Go